राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु
Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

बुलेटिन संख्या :14 /2021 दिनांक : 28.06.2021

केनरा बैंक अखिल भारतीय अंतरा बैंक ऑनलाइन राजभाषा संगोष्ठी - 2021

केनरा बैंक अखिल भारतीय अंतरा बैंक ऑनलाइन राजभाषा संगोष्ठी 25 जून,2021 को पॉलीकॉम ऐप के माध्यम से 'साइबर सुरक्षा के उपाय और जागरुकता' नामक विषय पर आयोजित किया गया। संगोष्ठी में श्री नगेंद्र सिंह, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार मुख्य अतिथि के रूप में ऑनलाइन जुड़े थे। श्री एल वी आर प्रसाद, मुख्य महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे। श्री शंकर एस, महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग उपस्थित थे। पॉलीकॉम ऐप से बैंक में कार्यरत राजभाषा अधिकारी अपने- अपने कार्यस्थल से जुड़े थे। बैंक के विभिन्न संवर्गों से कुल 66 प्रविष्टियां प्राप्त हुई जिसमें कुल 15 श्रेष्ठ आलेखों को प्रस्तुति के लिए चयनित किया गया।

आरम्भ में श्री एच एम बसवराज, उप महाप्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने उपस्थित गणमान्यों का स्वागत किया ।श्री एच एम बसवराज, उप महा प्रबंधक ने श्री नगेंद्र सिंह , वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को सूचित किया कि केनरा बैंक में सीबीएस के राजभाषा वर्शन को लाइव कर दिया गया है। अब हमारे बैंक की किसी भी शाखा से पासबुक, जमा रसीद आदि हिंदी में प्रिंट ली जा सकती है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अब हमारे बैंक में एसटीआर 18 की रिपोर्टिंग ऑनलाइन माध्यम से की जा रही है तथा शीघ्र ही वेतन पर्ची भी हिंदी में जारी की जाने की योजना है।

संगोष्ठी के निर्णायकों के रुप में श्री दीपक शुक्ल, उप महा प्रबंधक, जोखिम प्रबंधन विभाग, प्रधान कार्यालय और श्री वादिराज कुलकर्णी, मंडल प्रबंधक, जोखिम प्रबंधन विभाग, प्रधान कार्यालय ऑनलाइन जुड़े थे ।

श्री नगेंद्र सिंह, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने सीबीएस के राजभाषा वर्शन को लाइव करने पर केनरा बैंक की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्यालयों में देखा गया है कि वेबसाइट में अंग्रेजी की सामग्री अद्यतन हो जाती है, किंतु हिंदी की सामग्री अद्यतन करने में विलंब होता है। इसे भी साथ - साथ अद्यतन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बैंक की कार्यप्रणाली पूरी तरह तकनीक पर आधारित है। इसलिए डाटा की सुरक्षा करना बेहद महत्वपूर्ण है। तकनीकी का प्रयोग जितना बढ़ रहा है, साइबर अपराध का खतरा भी बढ़ गया है। अत: जागरूकता से ही साइबर सुरक्षा की जा सकती है। उन्होंने दो सेट ऑफ ऑथेंटिकेशन, लॉग एनालाइसिस जैसे विषयों पर प्रकाश डाला।

श्री शंकर एस, महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने कहा कि केनरा बैंक में राजभाषा का कार्यान्वयन बेहतर हो रहा है। राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है और हम अपना दायित्व निभाएंगें। बैंकिंग के परिदृश्य में साइबर सुरक्षा के लिए जागरुकता बेहद आवश्यक है। केनरा बैंक में साइबर सुरक्षा के सभी उपाय किए गए हैं। उन्होंने मुख्य अतिथि श्री नगेंद्र सिंह , वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, राजभाषा विभाग का आभार व्यक्त किया।

प्रतिभागियों ने विषय पर प्रस्तुति दी। धन्यवाद ज्ञापन श्री बिबिन वर्गीस, वरिष्ठ प्रबंधक ने किया और संचालन श्री डी बालाकृष्णा, प्रबंधक ने किया। पुरस्कार विजेताओं की घोषणा निर्णायक मंडल में शामिल श्री दीपक शुक्ल, उप महा प्रबंधक, जोखिम प्रबंधन विभाग, प्रधान कार्यालय ने किया। पुरस्कार विजेताओं की सूची निम्नानुसार है:

नाम	कार्यालय	पुरस्कार
श्री कृष्ण कुमार	अध्ययन व विकास केंद्र, चंडीगढ़	प्रथम
श्रीमती वैभवी त्रिपाठी	क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर।	द्वितीय
श्री आशीष नैथानी	गाजियाबाद नवयुग मार्केट मेन	तृतीय
श्री रमेश यादव	समाशोधन अनुभाग, मुबंई	प्रोत्साहन
श्री विजय कुमार दीक्षित	सतर्कता विभाग	प्रोत्साहन

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु
Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

बुलेटिन संख्या :14 /2021 दिनांक : 28.06.2021

कार्यक्रम की मुख्य झलकियाँ

श्री शंकर एस, महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग और श्री एच एम बसवराज, उप महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग

मुख्य अतिथि श्री नगेंद्र सिंह, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक , राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार संबोधित करते हुए

संगोष्ठी के निर्णायक के रुप में श्री दीपक शुक्ल, उप महा प्रबंधक, जोखिम प्रबंधन विभाग संबोधित करते हुए

प्रतिभागियों द्वारा आलेख का प्रस्तुतीकरण

ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

बुलेटिन संख्या :14 /2021 दिनांक : 28.06.2021

श्री बिबिन वर्गीस, वरिष्ठ प्रबंधक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन

श्री डी बालाकृष्णा , प्रबंधक द्वारा कार्यक्रम का संचालन